अनुक्रमांक ..........................
नाम ................................

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 5

901

# 2026
# हिन्दी
( केवल प्रश्नपत्र )

801(FG)

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट** [ **पूर्णांक : 70**

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**निर्देश :**

i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
ii) यह प्रश्नपत्र दो खण्डों, **खण्ड – अ** तथा **खण्ड – ब** में विभक्त है।
iii) **खण्ड – अ** में 1 अंक के 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनके सही उत्तर ओ० एम० आर० उत्तर पत्रक पर नीले अथवा काले बाल प्वाइंट कलम से सही विकल्प वाले गोले को पूर्ण रूप से काला कर चिह्नित करें।
iv) **खण्ड – अ** के प्रत्येक प्रश्न का निर्देश पढ़कर केवल प्रदत्त ओ० एम० आर० उत्तर पत्रक पर ही उत्तर दें। ओ० एम० आर० उत्तर पत्रक पर उत्तर देने के पश्चात् उसे नहीं काटें तथा इरेजर अथवा व्हाइटनर का प्रयोग न करें।
v) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।
vi) **खण्ड – ब** में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं।
vii) **खण्ड – ब** में सभी प्रश्नों के उत्तर एक साथ ही करें।
viii) प्रथम प्रश्न से आरम्भ कीजिए तथा अन्तिम प्रश्न तक करते जाइए। जो प्रश्न न आता हो उस पर समय नष्ट न कीजिए।

## खण्ड – 'अ'
## बहुविकल्पीय ( वस्तुनिष्ठ ) प्रश्न

1. **'उपन्यास सम्राट' कहा जाता है** 1
   (A) जयशंकर प्रसाद को (B) प्रेमचन्द को
   (C) 'अज्ञेय' को (D) भगवतीचरण वर्मा को

2. **'मेरी आत्मकहानी' के लेखक हैं** 1
   (A) डॉ० श्यामसुन्दर दास (B) महादेवी वर्मा
   (C) सुमित्रानन्दन पन्त (D) रामचंद्र शुक्ल

3. **एकांकी विधा की रचना है** 1
   (A) 'रेशमी टाई' (B) 'कफ़न'
   (C) 'अतीत के चलचित्र' (D) 'रूस में पच्चीस मास'

4. **'राष्ट्रभाषा और राष्ट्रीय एकता' रचना के लेखक हैं** 1
   (A) जयशंकर प्रसाद (B) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (C) रामधारी सिंह 'दिनकर' (D) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद



UPBoardHub

5. सही मिलान करके सही विकल्प का चयन करें :

| | (रचना) | | (लेखक) |
|---|---|---|---|
| (i) | चिन्तामणि | 1. | पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी |
| (ii) | बापू के कदमों में | 2. | जयप्रकाश भारती |
| (iii) | बिखरे पन्ने | 3. | रामचंद्र शुक्ल |
| (iv) | विज्ञान की विभूतियाँ | 4. | डॉ० राजेन्द्र प्रसाद |

दिये गये विकल्प :

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (B) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 3 | 4 | 1 | 2 |

1

6. 'यशोधरा' काव्य के रचयिता हैं 1
(A) केदारनाथ सिंह (B) मैथिलीशरण गुप्त (C) रामनरेश त्रिपाठी (D) सुमित्रानन्दन पन्त

7. 'सूरदास' की रचना है 1
(A) साहित्य लहरी (B) दोहावली (C) पंचवटी (D) सतसई

8. रीतिकाल में 'दोहा' छन्द में 'गागर में सागर' की उक्ति को चरितार्थ करने वाले कवि हैं 1
(A) केशव दास (B) पद्माकर (C) बिहारीलाल (D) महाकवि भूषण

9. 'द्विवेदी युगीन' कविता की विशेषता है 1
(A) युद्धों का सजीव वर्णन (B) राष्ट्रीयता की भावना का विकास
(C) आत्मपरक रचनाएँ (D) इनमें से कोई नहीं

10. 'नयी कविता' के आरम्भ का समय माना जाता है 1
(A) सन् 1919 ई० से (B) सन् 1947 ई० से (C) सन् 1936 ई० से (D) सन् 1951 ई० से

11. देखि सुदामा की दीन दशा, करुणा करिके करुनानिधि रोए।
पानी परात को हाथ छुओ नहि, नैनन के जल सों पग धोए॥
उपर्युक्त पंक्तियों में प्रयुक्त रस है : 1
(A) वीर रस (B) करुण रस (C) हास्य रस (D) वात्सल्य रस

12. तन मन वचन मोर पनु साचा। रघुपति पद सरोज चितु राचा॥
रेखांकित पद में अलंकार है 1
(A) उपमा अलंकार (B) यमक अलंकार (C) उत्प्रेक्षा अलंकार (D) रूपक अलंकार

13. अर्द्धसम मात्रिक छन्द है 1
(A) चौपाई (B) सोरठा (C) रोला (D) इनमें से कोई नहीं

14. 'उपग्रह' में प्रयुक्त उपसर्ग है 1
(A) अ (B) अप (C) उप (D) अधि

15. निम्न में से किस पद में 'बहुव्रीहि समास' है ? 1
(A) चौराहा (B) नीलगाय (C) प्रतिदिन (D) चन्द्रशेखर

16. 'आकाश' का पर्यायवाची शब्द है 1
(A) गगन (B) पवन (C) जलज (D) भानु

17. 'युष्मद्' शब्द के प्रथमा विभक्ति, बहुवचन का रूप है 1
(A) त्वम् (B) युवाभ्याम् (C) यूयम् (D) तव

18. अरे वाह ! कितना मोहक दृश्य है। उपर्युक्त वाक्य किस प्रकार का है ? 1
(A) साधारण वाक्य (B) विस्मयादिबोधक वाक्य (C) प्रश्नवाचक वाक्य (D) इनमें से कोई नहीं

19. **मंजरी मधुर गीत गाती है उपर्युक्त वाक्य में वाच्य का भेद है** 1
(A) कर्तृवाच्य (B) कर्मवाच्य (C) भाववाच्य (D) इनमें से कोई नहीं

20. **'संख्यावाचक विशेषण' कितने प्रकार के होते हैं ?** 1
(A) तीन (B) चार (C) दो (D) पाँच

## खण्ड – 'ब'
## वर्णनात्मक प्रश्न

1. **निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** $3 \times 2 = 6$

दूर के ढोल सुहावने अवश्य होते हैं, पर क्या वे इतने सुहावने होते हैं कि उन पर पाँच पेज लिखे जा सकें ? इसी प्रकार समाज सुधार की चर्चा अनादि काल से लेकर आज तक होती आ रही है और जिसके संबंध में बड़े-बड़े विज्ञों में भी विरोध है, उसको मैं पाँच पेज में कैसे लिख दूँ ? मैंने सोचा कि सबसे पहले निबंधशास्त्र के आचार्यों की सम्मति जान लूँ। पहले वह तो समझ लूँ कि आदर्श निबंध है क्या और वह कैसे लिखा जाता है, तब फिर मैं भविष्य की चिंता करूँगा। इसलिए मैंने निबंधशास्त्र के कई आचार्यों की रचनाएँ देखीं।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का संदर्भ लिखिए। (ii) 'दूर के ढोल सुहावने होते हैं' से लेखक का क्या तात्पर्य है ?
(iii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

**अथवा**

मगर, ऐसा न आज तक हुआ है और न आगे होगा। दूसरों को गिराने की कोशिश तो अपने को बढ़ाने की कोशिश नहीं कही जा सकती। एक बात और है कि संसार में कोई भी मनुष्य निंदा से नहीं गिरता। उसके पतन का कारण अपने ही भीतर के सद्गुणों का ह्रास होता है। इसी प्रकार, कोई भी मनुष्य दूसरों की निंदा करने से अपनी उन्नति नहीं कर सकता। उन्नति तो उसकी तभी होगी, जब वह अपने चरित्र को निर्मल बनाये तथा अपने गुणों का विकास करे।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का संदर्भ लिखिए। (ii) लेखक के अनुसार मनुष्य अपनी उन्नति किस प्रकार कर सकता है ?
(iii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

2. **निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** $3 \times 2 = 6$

संदेसो देवकी सो कहियै। हौं तो धाइ तिहारे सुत की, मया करत ही रहियै॥
यदपि टेव तुम जानति उनकी, तऊ मोहि कहि आवै। प्रात होत मेरे लाल लड़ैते, माखन रोटी भावै॥
तेल उबटनों अरु तातो जल, ताहि देखि भजि जाते। जोइ-जोइ माँगत सोइ-सोइ देती, क्रम क्रम करि के नाते॥
सूर पथिक सुन मोहि रैनि दिन, बढ़यो रहत उर सोच। मेरो अलक लड़ैतो मोहन, ह्वैहै करत संकोच॥

(i) उपर्युक्त पद्यांश का संदर्भ लिखिए। (ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(iii) (क) दिये गये पद्यांश में प्रयुक्त रस का नाम लिखिए। (ख) 'क्रम क्रम करि के नाते' पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए।

**अथवा**

देखा चींटी को ? उसके जी को ? भूरे बालों की सी कतरन, छिपा नहीं उसका छोटापन,
वह समस्त पृथ्वी पर निर्भय विचरण करती, श्रम में तन्मय, वह जीवन की चिनगी अक्षय !
वह भी क्या देही है, तिल-सी ? प्राणों की रिलमिल झिलमिल सी ? दिन भर में वह मीलों चलती, अथक, कार्य से कभी न टलती ॥

(i) उपर्युक्त पद्यांश का संदर्भ लिखिए। (ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए। (iii) कवि 'चींटी' के माध्यम से मनुष्य को क्या संदेश देना चाहता है ?

3. **निम्नलिखित संस्कृत गद्यांश का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए :** $2 + 3 = 5$

एकदा बहव: जना: धूमयानम् (रेल) आरुह्य नगरं प्रति गच्छन्ति स्म। तेषु केचित् ग्रामीण: केचिच्च नागरिका: आसन्। मौनं स्थितेषु तेषु एक: नागरिक: ग्रामीणोंन् उपहसन् अकथयत् "ग्रामीण: अद्यापि पूर्ववत् अशिक्षिता: अज्ञाश्च सन्ति। न तेषां विकास: अभवत् न च भवितुं शक्रोति।"

**अथवा**

मानव-जीवनस्य संस्करणं संस्कृतिः। अस्माकं पूर्वजाः मानवजीवनं संस्कृतुं महान्तं प्रयत्नम् अकुर्वन्। ते अस्माकं जीवनस्य संस्करणाय यान् आचारान् विचारान् च अदर्शयन् तत् सर्वम् अस्माकं संस्कृतिः। 'विश्वस्य स्रष्टा ईश्वरः एकः एव' इति भारतीय-संस्कृतेः मूलम्।

4. **निम्नलिखित संस्कृत श्लोकों में से किसी एक का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए :** 2 + 3 = 5

रात्रिर्गमिष्यति भविष्यति सुप्रभातं भास्वानुदेष्यति हसिष्यति पंकजालिः।
इत्थं विचिन्तयति कोशगते द्विरेफे हा हन्त ! हन्त ! नलिनीं गज उज्जहार ॥

**अथवा**

बन्धनं मरणं वापि जयो वापि पराजयः। उभयत्र समो वीरः वीर भावो हि वीरता ॥

5. **अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर दिए गए प्रश्नों में से किसी एक खण्ड के एक प्रश्न का उत्तर दीजिए :** 1 × 3 = 3

(क) (i) 'मुक्तिदूत' के तृतीय सर्ग की कथावस्तु लिखिए। (ii) 'मुक्तिदूत' के आधार पर गांधीजी के 'सविनय अवज्ञा आन्दोलन' का वर्णन कीजिए।
(ख) (i) 'ज्योति जवाहर' में कवि ने राष्ट्रीय भावना के स्वर को कैसे मुखरित किया है ? (ii) प्रमुख पात्र की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।
(ग) (i) 'मेवाड़ मुकुट' के तृतीय सर्ग 'प्रताप' की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए। (ii) 'भामाशाह' का चरित्र-चित्रण कीजिए।
(घ) (i) 'अग्रपूजा' के प्रमुख पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए। (ii) 'अग्रपूजा' के किसी एक सर्ग का सारांश लिखिए।
(ङ) (i) 'जय सुभाष' के द्वितीय सर्ग की कथावस्तु लिखिए। (ii) नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
(च) (i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर 'कुन्ती और कर्ण' संवाद का वर्णन कीजिए। (ii) कर्ण की वीरता एवं दानशीलता का वर्णन कीजिए।
(छ) (i) 'कर्मवीर भरत' के आधार पर 'भरत जी' का चरित्र-चित्रण कीजिए। (ii) द्वितीय सर्ग 'राजभवन' की कथावस्तु लिखिए।
(ज) (i) 'मातृभूमि के लिए' के आधार पर 'काकोरी काण्ड एवं असेम्बली बम धमाका' का वर्णन कीजिए। (ii) चंद्रशेखर 'आजाद' का चरित्र-चित्रण कीजिए।
(झ) (i) 'तुमुल' खण्डकाव्य के नायक 'लक्ष्मण' का चरित्र-चित्रण कीजिए। (ii) 'तुमुल' के किसी एक सर्ग का सारांश लिखिए।

6. (क) **निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन-परिचय देते हुए उनकी एक प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए :** 3 + 2 = 5

(i) जयप्रकाश भारती (ii) जयशंकर प्रसाद (iii) डॉ० भगवतशरण उपाध्याय।

(ख) **निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का जीवन परिचय देते हुए उनकी एक प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए :** 3 + 2 = 5

(i) बिहारीलाल (ii) तुलसीदास (iii) माखनलाल चतुर्वेदी।

7. **अपनी पाठ्यपुस्तक के 'संस्कृत खण्ड' में से कण्ठस्थ कोई एक श्लोक लिखिए, जो इस प्रश्नपत्र में न आया हो।** 2

8. **विद्यालय में 'विज्ञान प्रयोगशाला' की समस्याओं पर प्रधानाचार्य का ध्यान आकृष्ट करने हेतु एक प्रार्थना-पत्र लिखिए।** 4

9. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए :** 1 + 1 = 2

(i) धनानां उत्तमं किम् अस्ति ?
(ii) रोगः केन वर्धते ?
(iii) कारावासाधिकारी नाम किम् आसीत् ?
(iv) का संस्कृतिः सदा गतिशीला वर्तते ?
(v) वीरः केन पूज्यते ?

10. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए :** 1 × 7 = 7

(i) पर्यावरण और मानव जीवन
(ii) किसी प्रसिद्ध मेले का वर्णन
(iii) मेरी प्रिय पुस्तक
(iv) मेरी मातृभूमि – 'भारत'
(v) विज्ञान की उपलब्धियां।



UPBoardHub